# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

**Email:-dfo_pauri_uta@yahoo.co.in ,** **Phone/Fax no:-01368-222215**

**पत्रॉकः–** 4096 / 127 **: दिनॉकः पौड़ी, माह, मई, 27 2023**

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,
लो0नि0वि0 बैजरौ, (मु0–सतपुली)

**विषय–** **जनपद पौडी गढवाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत व्यासी (रौली) से कुणेथ मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.968 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु डिमांड नोट के एन0पी0वी0 की दर के सुधार करने हेतु।**

सन्दर्भः– भारत सरकार की पत्र सं0 8बी / यू.सी.पी. / 06 / 271 / 2015 / एफ.सी. / 537 दिनांक 14.07.2022 एवं आपकी पत्र सं0 218 / पी.एम.जी.एस.वाई. (सिं0ख0) दिनांक 23–03–2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्रों के कम में अवगत कराना है कि विषयगत प्रकरण में भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पत्र सं0 08बी / यू0सी0पी0 / 06 / 271 / 2015 / एफ0सी0 / 2073, दिनांक 14–03–2017 द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। परन्तु विषयगत प्रकरण में 05 वर्ष की अवधि व्यतीत होने के पश्चात भी विधिवत स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। भारत सरकार, पर्यावरण वन मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश संख्या–5-3/2011-FC(VOL-I) दिनॉक 06–01–2022 से स्पष्ट किया गया है कि ऐसे प्रकरण जिनमें दिनॉक 06.01.2017 से पूर्व सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है परन्तु दिनॉक 06.01.2022 तक विधिवित स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है, ऐसे प्रकरणों में एन0पी0वी0 की नई दरें लागू होंगी।

भारत सरकार, पर्यावरण वन मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश संख्या–5-3/2011-FC(VOL-I) दिनॉक 06–01–2022 की व्यवस्था के अनुसार आपके द्वारा विषयगत प्रकरण में एन0पी0वी0 की कुल रू0 49,93,883.00 (उनपचास लाख तिरानबे हजार आठ सौ तिरासी) मात्र की धनराशि जमा की जानी है, जिसके सापेक्ष आपके द्वारा एन0पी0वी0 की धनराशि निर्धारितच वित्तीय वर्ष में रू0 32,63,976.00 (बत्तीस लाख तिरेसठ हजार नौ सौ छियहत्तर) पूर्व में ही जमा की जा चुकी है।

अतः आपको अवशेष संशोधित एन0पी0वी0 (49,93,883.00–32,63,976.00= **रू0 17,29,907.00 (रू0 सत्तरह लाख उन्नतीस हजार नौ सौ सात) की धनराशि शीघ्र कैम्पा कोष में जमा करने का कष्ट करें।** तत्पश्चात ही प्रकरण को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु उच्च स्तर को प्रेषित किया जायेगा।

भवदीय,

(स्वप्निल अनिरूद्ध)
प्रभागीय वनाधिकारी,
गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।

पत्रांक 4096 / 127 **,दिनॉकित।**

**प्रतिलिपिः–** अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी को सूचनार्थ प्रेषित ।

**प्रतिलिपिः–** जिलाधिकारी, गढ़वाल को सूचनार्थ प्रेषित।

(स्वप्निल अनिरूद्ध)
प्रभागीय वनाधिकारी,
गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।